# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / आर0कैम्प(सा0प्र0) /3040/ 2020 दिनांकः 19 दिसम्बर, 2020

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध जे0एन0सी0यू0,
बलिया।

**विषयः दिनांक 21 से 25 दिसम्बर, 2020 की अवधि में भारत रत्न मा0 अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में दिनांक 23 से 25 दिसम्बर, 2020 को विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के पत्र संख्या– 5706 / सत्तर–3–2020, दिनांक 17 दिसम्बर, 2020 (छायाप्रति संलग्न) के संदर्भ में राष्ट्र निर्माण के पुरोधा देश के लब्ध प्रतिष्ठित हिन्दी कवि, पत्रकार व एक प्रखर वक्ता भारत रत्न मा0 अटल बिहारी बाजपेयी जी और इसके साथ ही पं0 मदन मोहन मालवीय जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में दिनांक 23 से 25 दिसम्बर, 2020 की अवधि में दोनों व्यक्तित्व एवं विचारों को जन–जन तक पहुंचाने तथा युवा पीढ़ी को प्रेरणा प्रदान करने हेतु निम्नलिखित कार्यक्रम कराए जाने का निर्णय लिया गया हैः–

1. दिनांक 23 से 25 दिसम्बर, 2020 तक विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की विभिन्न प्रतियोगिताओं का विश्वविद्यालय परिसर में आयोजन किया जायेगा, जिसका विवरण संलग्न सूची के रूप में संलग्न है।

भवदीय,

(संजय कुमार)
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः**

1. मा0 कुलपति जी।
2. सहायक कुलसचिव।
3. उप कुलसचिव को इस आशय से की विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
4. सूचना–पट्ट।

कुलसचिव

पताः–शहीदस्मारक, निकटसुरहाताल, जिला–बलिया,उ0प्र0पिनकोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.in E-mail :- jncuballia@gmail.com

Scanned with CamScanner

# भारत रत्न मा0 अटल बिहारी बाजपेयी जी की जयन्ती पर प्रतियोगिता/कार्यक्रम

## कार्यक्रम सूची

| क्र0सं0 | दिनांक | स्थान | प्रतियोगिता | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 23.12.2020 | भोजपुरी भवन जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया | चित्रकला प्रतियोगिता– 1. पोर्ट्रेट विषय– "प्राकृतिक दृश्य चित्रण" 2. पोस्टर कला विषय– "प्रकृति से संवाद" 3. कोलाज विषय– "प्राकृतिक दृश्य चित्रण" अथवा "मा0 अटल जी का पोर्ट्रेट" | पंजीकरण समय 10:00–11:00 बजे तक प्रतिभाग का समय 01:30 घण्टे |
| 2. | 24.12.2020 | ऑनलाइन | निबन्ध प्रतियोगिता विषय हेतु उच्च शिक्षा अनुभाग–3 दिनांक 17.12.2020 के द्वारा निर्गत पत्र का संज्ञान लें (संलग्न है) | दिनांक 22.12.2020 से 24.12.2020 को मध्याह्न 12:00 बजे तक स्वीकार्य। |
| 3. | 24.12.2020 | भोजपुरी भवन जे0एन0सी0यू0, बलिया | क्विज प्रतियोगिता विषय– "मा0 अटल जी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व" | पंजीकरण समय 10:00–11:00 बजे तक प्रतिभाग का समय 30 मिनट |
| 4. | 25.12.2020 | भोजपुरी भवन जे0एन0सी0यू0, बलिया | मौलिक काव्य पाठ विषय– "मा0 अटल जी का प्रकृति प्रेम" | पंजीकरण समय 10:00–11:00 बजे तक प्रतिभाग का समय 08–10 मिनट 16 पंक्तियाँ |

*नोट–*
1. *प्रत्येक महाविद्यालय से प्रत्येक प्रतियोगिता में एक ही प्रतिभागी होगा।*
2. *विश्वविद्यालय परिसर में होने वाली सभी प्रतियोगिताओं के लिए संलग्न पंजीकरण फार्म भरकर सभी प्रपत्रों के साथ लायें।*
3. *ऑनलाइन निबन्ध प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागी अपने निबंध एवं पंजीकरण फार्म पी0डी0एफ0 फाईल में विश्वविद्यालय के ई–मेल* **jncuballia@gmail.com** *पर भेजें।*

निशा राघव
डॉ0 (निशा राघव)
संयोजक

M. Verma
डॉ0 (ममता वर्मा)
समन्वयक

शोक विमोचन त्रिपाठी
सहायक कुलसचिव/सचिव

Scanned with CamScanner

## जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया

### भारत रत्न मा0 अटल बिहारी बाजपेयी जी की जयन्ती पर प्रतियोगिता/कार्यक्रम

### पंजीकरण फार्म

दिनांकः

1. छात्र/छात्रा का नाम (हिन्दी में)..........................................................
   छात्र/छात्रा का नाम (अंग्रेजी में).........................................................
2. माता/पिता का नाम ..........................................................
3. महाविद्यालय का नाम ..........................................................
4. प्रतियोगिता का नाम जिसमें सम्मिलित होना है..................................
5. महाविद्यालय द्वारा निर्गत परिचय पत्र की संख्या................................
6. आधार कार्ड संख्या..............................................................
7. मोबाईल नं0..............................................................
8. छात्र/छात्रा का हस्ताक्षर..............................................................

प्रतिभागी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के शिक्षक/प्रभारी का हस्ताक्षर एवं नाम .........................

प्रतिभागी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के प्राचार्य/प्राचार्या का हस्ताक्षर एवं नाम.......................

संलग्नकः 1. परिचय पत्र की छाया प्रति (स्वप्रमाणित)
2. आधार कार्ड की छाया प्रति (स्वप्रमाणित)

Scanned with CamScanner

शीर्ष प्राथमिकता

संख्या–5706 / सत्तर–3–2020

प्रेषक,

**मोनिका एस0 गर्ग,**
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **निदेशक,**
उच्च शिक्षा, उ0प्र0,
प्रयागराज।

2. **कुलसचिव,**
समस्त राज्य / निजी विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

3. **समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,**
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ : दिनांक 17 दिसम्बर, 2020

**विषयः–** दिनांक 21 से 25 दिसम्बर, 2020 की अवधि में भारत रत्न मा0 अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक संस्कृति अनुभाग के पत्र संख्या–1818 / चार–2020, दिनांक 16 दिसम्बर, 2020 (छायाप्रति संलग्न) के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राष्ट्र निर्माण के पुरोधा देश के लब्ध प्रतिष्ठित हिन्दी कवि, पत्रकार व एक प्रखर वक्ता भारत रत्न मा0 अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 21 से 25 दिसम्बर, 2020 की अवधि में उनके विराट व्यक्तित्व एवं विचारों को जन–जन तक पहुचाने तथा युवा पीढ़ी को प्रेरणा प्रदान करने हेतु निम्नलिखित कार्यक्रम कराए जाने का निर्णय लिया गया है :–

(1) दिनांक 21 से 23 दिसम्बर, 2020 तक जिले स्तर पर सभी विश्वविद्यालय / महाविद्यालय में 03 चरणों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा :–

- प्रथम चरण – 21 दिसम्बर, 2020 को ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता।
- द्वितीय चरण – 22 दिसम्बर, 2020 को निबन्ध प्रतियोगिता, ऑनलाइन काव्यपाठ। आयोजन के अन्तर्गत निम्नलिखित 03 विषयों पर निबन्ध प्रतियोगिता करायी जायेगी :–
    - ➢ व्यक्ति के जीवन में धर्म एवं राष्ट्र की भूमिका।
    - ➢ नया युग, नई चुनौतियाँ: रोजगार की नई सम्भावनाएं।
    - ➢ मिशन शक्ति की सफलता के विभिन्न आयाम।
- तृतीय चरण – 23 दिसम्बर, 2020 को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन।

2– विश्वविद्यालय / महाविद्यालय अपने स्तर से प्रतियोगिताओं को रोचक बनाने हेतु आयोजन की रूप–रेखा, विषय एवं समय अवधि निर्धारित कर सकते है।

3– प्रतियोगिता 02 वर्गों में विभाजित होंगे: जूनियर वर्ग एवं सीनियर वर्ग।

4– प्रत्येक वर्ग की प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों का चयन विश्वविद्यालय / महाविद्यालय द्वारा किया जायेगा। पुरस्कृत बच्चों को संस्कृति विभाग द्वारा संसद भवन का भ्रमण कराया जायेगा।

5– प्रतियोगता से पूर्व समस्त विश्वविद्यालय / महाविद्यालय में अटल जी द्वारा दिए गए ओजस्वी भाषणों का प्रसारण भी किया जायेगा।

6– आयोजन से सम्बन्धित फोटो, पुरस्कृत बच्चों के निबन्ध तथा फोटोग्राफ्स एवं स्कूल तथा घर के पते का विवरण साफ्ट कॉपी में निदेशक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ के ई–मेल ayodhyaresearchprogramme@gmail.com पर प्रेषित की जाय जिससे प्रदेश स्तरीय महाविद्यालयों की सहभागिता का दस्तावेजीकरण किया जा सके।

Scanned with CamScanner

7— भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु सभी विश्वविद्यालय एवं निदेशालय, उच्च शिक्षा अपने स्तर से कार्ययोजना बनाते हुए विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जायेगे।

**संलग्नक–यथोक्त।**

भवदीया,

17/12/

**( मोनिका एस० गर्ग )**

अपर मुख्य सचिव।

संख्या–5706 (1)/सत्तर–3–2020–तद्दिनॉक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1— कुलपति, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।

2— संस्कृति अनुभाग, उ0प्र0 शासन।

आज्ञा से,

(हेमन्त कुमार सिंह)

उपसचिव।

Scanned with CamScanner